**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर**

"वित भवन" जनपथ, जयपुर–302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल idpl-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (आर–48/2008)/अलेसे–II/318–21 दिनांक :– 9.6.22

**श्री राजेन्द्र बैरवा,**
**सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II,**
**कार्यालय जिला परिषद**
**(पंचायत प्रकोष्ठ), दौसा।**

**विषयः–** नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं करने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबत्।

**प्रसंगः–** निदेशालय के आदेश क्रमांक 1214 (आदेश संख्या 58/21–22) दिनांक 18.01.2022 एवं परिपत्र क्रमांक 1280 दिनांक 04.02.2022

विभागीय आदेश क्रमांक 1214 (आदेश संख्या 58/21–22) दिनांक 18.01.2022 के द्वारा आपका स्थानान्तरण कार्यालय जिला परिषद् (पंचायत प्रकोष्ठ), दौसा से विकास अधिकारी, पंचायत समिति बसवा, दौसा में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद पर किया गया था।

स्थानान्तरण आदेशों की पालना के संबंध में निदेशालय के परिपत्र क्रमांक 1280 दिनांक 04.02.2022 द्वारा निर्देशित किया गया था कि अपने नव पदस्थापन स्थान पर दिनांक 07.02.2022 तक कार्यग्रहण कर उसकी सूचना निदेशालय को ई–मेल/डाक/दस्ती से भिजवाये। इसके क्रम में परिपत्र क्रमांक 279 दिनांक 17.05.2022 द्वारा निर्देशित किया गया था कि दिनाक 20.05.2022 तक अपने नवपदस्थापन स्थान पर आवश्यक रूप से कार्यग्रहण कर सूचना निदेशालय को प्रेषित करावें परन्तु अभी तक कार्यग्रहण की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि स्थानान्तरण आदेश के उपरोक्त सन्दर्भित परिपत्रों के क्रम में पालना सुनिश्चित कर कार्यग्रहण की रिपोर्ट तत्काल प्रेषित करते हुए अभी तक पालना नहीं करने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण 7 दिवस में प्रस्तुत करें अंन्यथा सीसीए नियमों के तहत् कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (आर–48/2008)/अलेसे–II/318–21 दिनांक :– 9.6.22

**प्रतिलिपि** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. जिला परिषद् (पंचायत प्रकोष्ठ), दौसा।
2. विकास अधिकारी, पंचायत समिति बसवा, दौसा ।
3. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)